कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश,
23 एलनगंज, प्रयागराज, पिन कोडः– 211002

Website: https:\\updeled.gov.in, Email :secretarypnp.up@gmail .com, updeled@gmail.com

# विज्ञप्ति

## डी0एल0एड0 प्रशिक्षण–2025 हेतु ऑन–लाइन आवेदन

डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2025 ऑनलाइन आवेदन एवं प्रवेश/चयन प्रक्रिया हेतु निर्गत शासनादेश सं0 1169/अरसठ–4–2025–2067/2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग–4, दिनांक 12.11.2025 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में, प्रदेश के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों, सी0टी0ई0 वाराणसी तथा निजी डी0एल0एड0 प्रशिक्षण संस्थानों, जिन्हें एन0सी0टी0ई0 की मान्यता उपरान्त उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संबद्धता प्रदान की गयी है, में **डी0एल0एड0 प्रशिक्षण–2025** हेतु इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करते हुए, अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि –

1. **अभ्यर्थियों को अपने ऑनलाइन आवेदन में अंकित प्रविष्टियों में संशोधन का कोई अवसर देय नहीं है।** अतः अभ्यर्थी डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2025 ऑनलाइन आवेदन के समय, पंजीकरण फार्म फाइनल सेव होने से पूर्व, अपने ऑनलाइन अंकित प्रविष्टियों का मिलान, मूल अभिलेखों से अवश्य कर लें।
2. डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2025 ऑन लाइन आवेदन से पूर्व अभ्यर्थी, वेबसाइट पर उपलब्ध शासनादेश एवं दिशानिर्देशों का भली–भाँति अध्ययन कर लें।
3. उत्तर प्रदेश राज्य के अभ्यर्थियों के अतिरिक्त सभी अभ्यर्थी अनारक्षित (Unreserved) श्रेणी में मान्य होंगे, ऐसे अभ्यर्थियों को किसी भी तरह का आरक्षण देय नहीं होगा।
4. डी0एल0एड0 प्रशिक्षण हेतु राज्य सरकार से सम्बद्धता प्राप्त अल्पसंख्यक संस्थानों द्वारा भी डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2025 के अन्तर्गत प्रवेश/चयन की कार्यवाही, उक्त शासनादेश दिनांक 12.11.2025 में निर्धारित शैक्षिक अर्हता, आयु एवं शासनादेश के बिन्दु सं0 11 में अल्पसंख्यक संस्थानों हेतु दिये गये निर्देशानुसार सम्पादित करायी जायेगी।
5. ऑनलाइन आवेदन हेतु शैक्षिक अर्हता, आयु, आवेदन शुल्क, चयन का मानक एवं अन्य शर्तो सहित सामान्य एवं परिचालन सम्बन्धित तकनीकी दिशा–निर्देश वेबसाइट **https://updeled.gov.in** पर उपलब्ध है। इसी वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म, ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने हेतु Payment Link एवं **ऑनलाइन आवेदन–पत्र** उपलब्ध है। इस हेतु निर्धारित समय सारिणी निम्नवत् है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **ऑन लाइन पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि** | **24.11.2025 (अपराह्न से)** |
| 2 | **ऑन लाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि** | **15.12.2025** |
| 3. | **ऑन लाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि** | **16.12.2025** |
| 4. | **पूर्ण आवेदन के प्रिंट आउट लेने की अंतिम तिथि** | **18.12.2025** |

ऑनलाइन माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार्य एवं विचारणीय नहीं होंगे ।

17.11.2025

**(अनिल भूषण चतुर्वेदी)**
**सचिव,**
**परीक्षा नियामक प्राधिकारी,**
**उ0प्र0, प्रयागराज।**

**पृ0सं0/ डी0एल0एड0 प्रशि0 2025/** 4701–09 **/2025–26 दिनांकः 17 नवम्बर 2025**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को महोदय के संज्ञानार्थ।
2. विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग–4, उ0प्र0 शासन लखनऊ।